पेज थ्री देहरादून

नगर निगम में कांग्रेस धरना–प्रदर्शन करते हुए।

देहरादून मंगलवार 13 अक्टूबर 2020 पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले हरबंस कपूर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष के देहरादून स्थित शासकीय आवास पर आज भाजपा के वरिष्ठ विधायक हरबंस कपूर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान हरबंस कपूर ने विधानसभा अध्यक्ष की कुशल क्षेम पूछी। इस अवसर पर दोनों ही नेताओं के बीच प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई। साथ ही प्रदेश में कोरोना से उपजे हालातों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान जीएमएस के मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल एवं मंडल महामंत्री सुमित पांडे भी मौजूद थे।

### आठ महीने की फीस माफ को लेकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। प्राइवेट स्कूलों व कॉलेजों द्वारा ली जा रही आठ महीनों की फीस माफ किये जाने की मांग को लेकर अभिभावकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। क्रांतिकारी सुरेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में अभिभावक जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचे और वहां पर उन्होंने आठ माह की फीस को माफ किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक व विद्यार्थी कोई गलत कदम न उठा ले। इस अवसर पर अनेक अभिभावक शामिल थे।

### पुश्ता निर्माण कराये जाने को आप का नगर निगम में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। एमडीडीए कॉलोनी उत्तराखंड विहार डालनवाला में पुश्ता निर्माण की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में प्रदर्शन किया और कहा कि जल्द ही पुश्ता निर्माण नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। दल की वरिष्ठ नेत्री उमा सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे और वहां पर पर पुश्ता निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कई बार अवगत कराये जाने के बाद भी आज तक पुश्ता का निर्माण नहीं हुआ है।

### कोरोना टेस्ट के निःशुल्क शिविर का किया उदघाटन

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के चलते जागरूकता अभियान चलाया गया अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज स्टेट उत्तराखंड प्रदेश के तत्वावधान में उप जिला संयुक्त चिकित्सालय मसूरी के द्वारा वार्ड नंबर 2 बार्लोगंज मसूरी में कोरोना टेस्ट का निःशुल्क शिविर कैंप लगाया गया जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा के सांसद प्रतिनिधि विकास चौहान ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों से अपील की है कि कोविड–19 की महामारी को रोकने के लिए जागरुकता जरूरी है।

# आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं आगे: प्रधानमंत्री

**विमोचन**


■ प्रधानमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 100वीं जयंती पर 100 रुपये के विशेष स्मारक सिक्के का विमोचन किया

■ विजयाराजे सिंधिया एक आध्यात्मिक व्यक्तित्व थी

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 100वीं जयंती पर 100 रुपये के विशेष स्मारक सिक्के का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि विजयाराजे सिंधिया जी ने अपना जीवन गरीबों के लिए समर्पित किया। उनके लिए राजसत्ता नहीं बल्कि जन सेवा अहम थी। नारी शक्ति के बारे में वो कहती थी कि जो हाथ पालने का झुला सकते हैं, तो वे विश्व पर राज भी कर सकते हैं। आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं।

विजयाराजे सिंधिया एक आध्यात्मिक व्यक्तित्व थी। साधना, उपासना, भक्ति उनके अन्तर्मन में रची बसी थी। जेल में रहते हुए उन्होंने कहा था कि अपनी भावी पीढ़ियों को सीना




तान कर जीने की प्रेरणा मिले इस उद्देश्य से हमें आज की विपदा को धैर्य के साथ झेलना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई भी साधारण व्यक्ति जिसके अदंर योग्यता, प्रतिभा व देश की सेवा की भावना है, वह इस लोकतंत्र में भी सत्ता को सेवा का माध्यम बना सकता है। जन सेवा के लिए किसी खास परिवार में ही जन्म लेना जरूरी नहीं हैं। राष्ट्र के भविष्य के लिए राजमाता ने अपना वर्तमान समर्पित कर दिया था। उन्होंने पद एवं प्रतिष्ठा के लिए न जीवन जिया और न ही राजनीति की। स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर आजादी के कई दशकों तक भारतीय राजनीति के हर अहम पड़ाव की वे साक्षी रहीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विजया राजे जी ने एक पुस्तक में लिखा है कि एक दिन ये शरीर यहीं रह जायेगा। आत्मा जहां से आई है, वहीं चली जायेगी। शून्य से शून्य में, स्मृतियां रह जायेंगी। अपनी इन स्मृतियों को मैं उनके लिए छोड़ जाऊँगी। जिनसे मेरा सरोकार रहा है, जिनकी मैं सरोकार रही हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि उनकी स्मृति में मुझे विशेष स्मारक सिक्के के अनावरण का अवसर मिला।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से राज्यपाल श्रीमती बेबी रानी मौर्य, मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, अन्य राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं अन्य जन प्रतिनिधिगण जुड़े थे।

### समस्याओं के समाधान को कांग्रेसजनों ने किया नगर निगम में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। दून महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्षदगणों ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून के कार्यालय में प्रदर्शन एवं नारेबाजी के उपरान्त उन्हें समस्याओं के निराकरण सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में महानगर कांग्रेसजनों ने कहा कि वर्तमान में केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जनता पर लगाये जाने वाले गृह कर को सर्कल रेट के आधार पर तय करने का निर्णय लेते हुए प्रत्येक वर्ष सर्कल रेट के अनुरूप गृहकर में बढोत्तरी करने की प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि सर्किल रेट के अनुरूप गृहकर बढ़ाये जाने को कांग्रेस पार्टी जनता का शोषण मानता है तथा इस पर अपना विरोध व आपत्ति दर्ज करता है। उन्होंने कहा कि जहां जनता कोरोना महामारी का कहर झेल रही हैं तथा अपने परिवार के भरण–पोषण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार द्वारा गृहकर के नाम पर टैक्स बढ़ाने की तैयारी की जा रही है जो कि तर्क संगत नहीं है।

# सभी जनपदों ने अपने–अपने लक्ष्य प्राप्त किये: रेखा आर्या

**बैठक**

■ 13 जनपदों के मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुवल समीक्षा बैठक की

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश की बाल विकास, पशुपालन, भेड़ एवं बकरी पालन, चारा एवं चारागाह विकास एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्या ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में राज्य मत्स्य विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं एवं कार्य कलापों की 13 जनपदों के मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुवल समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने कहा



मत्स्य विभाग द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में आदर्श तालाबो का निर्माण हो अथवा मैदानी क्षेत्रों में एसीपी आदर्श मछली तालाबों का निर्माण किया जा रहा है, इस कार्य के प्रगति में तेजी लाई जाएगी।

मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार राज्य सरकार द्वारा नील क्रान्ति योजना के तहत तालाबों का सुदृढ़ीकरण, हैचरी का सुदृढ़ीकरण और मछली पालकों को किस प्रकार और सशक्त कर सकते है, और कौन सी प्रजाति की मछली की सीड उपलब्ध करायी जाय, इस विषय पर अधिकारियो के साथ विचार विमर्श किया गया। उन्होने कहा कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए ट्राउड प्रजाति को डेनमार्क से आयतित करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह समीक्षा बैठक वर्ष 2019–20 की की गई है। वर्ष 2020–21 का बजट अभी शीघ्र ही में प्राप्त हुआ है। जिसको प्रत्येक जनपद को जल्दी भेजने के निर्देश दिये गये हैं।

मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों को जो लक्ष्य दिये गये थे, सभी जनपदों ने अपने–अपने लक्ष्य प्राप्त किये है। मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में जितने मत्स्य पालको ने हमसे सीड की मांग की, उतनी मात्रा में हम आवंटित नही कर पाये। वर्ष 2020–21 के लिए जितने पाउण्ड की मांग होगी, उतने पाउण्ड के लिए हम योजनाएं प्रस्तावित करेंगे। उन्होने कहा कि जितने भी मत्स्य पालक एवं प्रवासी लोग मत्स्य पालन करना चाहते है वह अवश्य ही मत्स्य पालन की योजनाओं से लाभान्वित होंगे। मत्स्य पालन के माध्यम से अच्छी क्वालिटी की फ्रेश मछली विभिन्न रेस्टोरेन्ट से सप्लाई भी की जाएगी।

### ड्राइवर व कंडक्टरों की बहाली के लिए आंदोलन करेगी यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा ड्राइवर व कंडक्टर को नौकरी से अकारण निकाले जाने को दल बर्दाश्त नहीं करेगा और इन ड्राइवर व कंडक्टरों की बहाली के लिए आंदोलन चलाया जायेगा। दल के केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए केंद्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा कि सरकार हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ डबल बेंच और सुप्रीम कोर्ट में जा रही है और उत्तराखंड क्रांति दल इसका भरपूर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड रोडवेज में कार्यरत ड्राइवर कंडक्टर भले ही हाई कोर्ट से अपनी लड़ाई जीत गए हैं, लेकिन उत्तराखंड की कल्याणकारी सरकार को उनके परिवार का सुखचौन शायद रास नहीं आ रहा है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।